जय हो खाटूधाम | By Chaitanya Dadhich

जयति जय जय हो खाटू धाम
जयति जय जय हो खाटू धाम
श्याम का नाम अमर है जग में
अमर है खाटू धाम

सब कहते हारे का सहारा
तीन बाण करमे है धारा
सुन्दर मुखड़ा सबसे न्यारा
हम भक्तों को लगता प्यारा
सबसे सुन्दर रूप सजीला
सुन्दर तेरा नाम
जयति जय जय हो खाटू धाम

बाबा लीले की असवारी
मोरछड़ी की महिमा भारी
दर्शन को आते नर नारी
हाथ निशान उम्मीदें भारी
खाली झोली भर ले जाते
बनते बिगड़े काम
जयति जय जय हो खाटू धाम

श्याम धणी खाटू के राजा
हर गरीब को तूने नवाज़ा
बाबा आज सभा में आजा
एक बर आकर झलक दिखा जा
कहे चम्पा चेतन तू रट ले
श्याम श्याम श्री श्याम
जयति जय जय हो खाटू धाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-chaitanya-dadhich/